# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 2

Chapter Name : लाख की चूड़ियाँ

Q1 बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' ना कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

Answer. लेखक के मामा के गाँव में लाख की चूड़ियाँ बनाने वाला बदलू रहता था| वह लेखक को लाख की सुन्दर - सुन्दर रंग बिरंगी गोलियाँ बनाकर देता था, जो किसी भी बच्चे का मन मोह ले| लेखक को अपने मामा के गाँव जाने का सबसे बड़ा चाव यही था| गाँव के सभी बच्चें बदलू को 'बदलू काका' कहकर बुलाते थे इसलिए लेखक भी बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' कहता था|

Page : 10, Block Name : कहानी से

Q2 वस्तु विनिमय क्या हैं? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या हैं?

Answer. जब किसी एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु का लेन देन होता हैं, तो इसे वस्तु विनिमय कहते हैं| बदलू भी वस्तु विनिमय को ही अपनाता था| वह अपनी चूड़ियों के बदले लोगों से अनाज लेता था| इस समय विनिमय की प्रचलित पद्धति रुपया हैं|

Page : 11, Block Name : कहानी से

Q3 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं| ' - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया हैं?

Answer. 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं| ' - इस पंक्ति में लेखक ने कारीगरों की व्यथा की ओर संकेत किया हैं| क्योंकि कारीगर अपने हाथों से बनी वस्तुयें बेचकर अपना जीवन यापन करते थे| इन लोगों ने और कोई कार्य सीखा ही नहीं था| और अब मशीनो के आ जाने से ये लोग बेरोजगार हो गये हैं|

Page : 11, Block Name : कहानी से

Q4 बदलू के मन में ऐसी कौन - सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी|

Answer. शीनी युग में सब काम मशीनो से ही होता हैं| इसलिए लाख की चूड़ियों का स्थान अब काँच की सुन्दर चूड़ियों ने ले लिया था| बदलू का व्यवसाय अब ठप्प हो गया था| अपने व्यवसाय की दुर्दशा से बदलू मन ही मन बहुत दुःखी था, और बदलू के मन की इसी व्यथा को लेखक ने जान लिया था|

Page : 11, Block Name : कहानी से

Q5 मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

Answer – मशीनी युग में काँच की चूड़ियों के प्रचार से बदलू का व्यवसाय बंद हो गया था, वह बेरोज़गार हो गया था| वह अब कमजोर और बीमार भी रहने लगा था|

Page : 11, Block Name : कहानी से



Aglasem Schools

Q1 आपने मेले-बाज़ार आदि में हाथ से बनी चीज़ों को बिकते देखा होगा | आपके मन में किसी चीज़ को बनाने की कला सीखने की इच्छा हुई हो और आपने कोई कारीगरी सीखने का प्रयास किया हो तो उसके विषय में लिखिए |

Answer. बाजार में बिक रहे हाथ-कढ़ाई के मेजपोशो ने मेरा मन आकर्षित किआ जिस कारण मेने कढ़ाई सीखना भी प्रारम्भ किआ।

Page : 11, Block Name : कहानी से  आगे

Q2 लाख की वस्तुओं का निर्माण  भारत के किन किन राज्यों में होता हैं? लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त क्या क्या चीजें बनती हैं? ज्ञात कीजिये|

Answer. लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के उत्तर – प्रदेश, मध्य – प्रदेश, राजस्थान, आंध्र – प्रदेश, गुजरात और झारखंड में किया जाता हैं| लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त खिलौने, मूर्तियाँ, आभूषण और सजावट की वस्तुओं का भी निर्माण किया जाता हैं|

Page : 11, Block Name : कहानी से आगे

Q1 घर में मेहमान आने पर आप उसका अतिथि सत्कार कैसे करेंगे?

Answer. घर में मेहमान आने पर सबसे पहले हम उनका अभिवादन करेंगे| उन्हें बैठने के लिए कहेंगे और उनके लिए चाय नाश्ते का इंतज़ाम करेंगे और उनका अच्छी तरह से सत्कार करेंगे|

Page : 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 आपको छुट्टियों में किसके घर जाना सबसे अच्छा लगता है? वहाँ की दिनचर्या अलग कैसे होती है? लिखिए |

Answer. छात्र स्वयं के अनुभव लिखे |

Page : 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3 मशीनी युग में अनेक परिवर्तन आए दिन होते रहते हैं। आप अपने आस-पास से इस प्रकार के किसी परिवर्तन का उदाहरण चुनिए और उसके बारे में लिखो।

Answer. मशीनी युग में आये दिन परिवर्तन होते रहते हैं - इसका सबसे अच्छा उदाहरण कृषि हैं| कृषि के क्षेत्र में मशीनों के आने से बहुत परिवर्तन हुए हैं| पहले खेतों की जुताई बैल की मदद से की जाती थी| खेतों में सब काम जैसे बीज बोना, पानी देना, खाद डालना, फ़सलों की कटाई आदि मज़दूरों के द्वारा किया जाता था| लेकिन अब ये सभी काम मशीनों द्वारा किये जाते हैं, जिससे मज़दूर बेरोजगार हो गए हैं|

Page : 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q4 बाज़ार में बिकने वाले सामानों की डिज़ाइनों में हमेशा परिवर्तन होता रहता है | आप इन परिवर्तनों को किस प्रकार देखते हैं? आपस में चर्चा कीजिए |

Answer. बाज़ार में बिकने वाले सामानों की डिज़ाइनों में हमेशा परिवर्तन होता रहता है क्योंकि समय के साथ मनुष्य की इच्छाएँ, ज़रूरत और पसंद बदलती रहती है | ग्राहक की ज़रूरत, पसंद और इच्छाओं को देखते हुए दुकानदारों को भी अपने सामान बदलते रहना पड़ता हैं |

aglasem.com

Page : 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q5 हमारे खान-पान, रहन-सहन और कपड़ों में भी बदलाव आ रहा है | इस बदलाव के पक्ष-विपक्ष में बातचीत कीजिए और बातचीत के आधार पर लेख तैयार कीजिए |

Answer. समय के साथ हमारे खान-पान, रहन-सहन और कपड़ों में भी बदलाव आ रहा है | हम जिस जगह पर रहते है वहाँ के माहौल के अनुसार हमें थोड़ा-बहुत बदलाव लाना पड़ता हैं |

छात्र इस पर कक्षा में बातचीत करें |

Page: 11, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 बदलू को किसी बात से चिढ़ थी तो काँच की चूड़ियों से' और बदलू स्वयं कहता है – "जो सुंदरता काँच की चूड़ियों में होती है लाख में कहाँ संभव है?" ये पंक्तियाँ बदलू की दो प्रकार की मनोदशाओं को सामने लाती हैं। दूसरी पंक्ति में उसके मन की पीड़ा है। उसमें व्यंग्य भी है। हारे हुए मन से, या दुखी मन से अथवा व्यंग्य में बोले गए वाक्यों के अर्थ सामान्य नहीं होते। कुछ व्यंग्य वाक्यों को ध्यानपूर्वक समझकर एकत्र कीजिए और उनके भीतरी अर्थ की व्याख्या करके लिखिए।

Answer.

I. लाख की चूड़ियाँ पहने, तो मोच आ जाए - लाख की चूड़ियाँ काँच की चूड़ियों से भारी होती है। शायद अब औरतें लाख की चूड़ियों का भार न सह सके।
II. मशीनी युग है न,लल्ला! आजकल सब काम मशीन से होता है - अब मशीन का युग है। हर काम मशीन से होता है। इससे किसके जीवन पर क्या असर पड़ता है इसकी किसी को कोई चिंता नहीं है।

aglasem.com

Page : 12, Block Name : भाषा की बात

Q2 बदलू' कहानी की दृष्टि से पात्र है और भाषा की बात (व्याकरण) की दृष्टि से संज्ञा है। किसी भी व्यक्ति, स्थान, वस्तु, विचार अथवा भाव को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा को तीन भेदों में बाँटा गया है (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, जैसे- लला, रज्जो, आम, काँच, गाय इत्यादि (ख) जातिवाचक संज्ञा, जैसे-चरित्र, स्वभाव, वजन, आकार आदि द्वारा जानी जाने वाली संज्ञा। (ग) भाववाचक संज्ञा, जैसे-सुंदरता, नाजुक, प्रसन्नता इत्यादि जिसमें कोई व्यक्ति नहीं है और न आकार, वजन। परंतु उसका अनुभव होता है। पाठ से तीनों प्रकार की संज्ञाएँ चुनकर लिखिए।

Answer – (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा – जमींदार, मामा, बदलू, बेलन, मचिया।

(ख) जातिवाचक संज्ञा - आदमी, मकान, शहर, बच्चे।

(ग) भाववाचक संज्ञा - स्वभाव, रूचि, व्यथा, बीमार, प्रसन्नता।

Page : 12, Block Name : भाषा की बात

Q3 गाँव की बोली में कई शब्दों के उच्चारण बदल जाते हैं| कहानी में बदलू वक्त (समय) को बखत, उम्र (वय / आयु) को उमर कहता हैं| इस तरह के अन्य शब्दों को खोजिःये जिनके रूप में परिवर्तन हुआ हो, अर्थ में नहीं|

Answer.

मर्द - मरद

भैया - भइया

दुर्बल - दुबला

ग्राम – गाँव

Page : 12, Block Name : <u>भाषा की बात</u>

aglasem.com